अलविदा कल, मस्जिदों से नमाज के वक्त का एलान

जामा मस्जिद में डेढ़ बजे व दरगाह आला हजरत में साढ़े तीन बजे होगी नमाज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। अलविदा की नमाज 13 मार्च को अदा की जाएगी। इसके लिए सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में तैयारियां की जा रही हैं। नमाज के वक्ता का एलान भी कर दिया गया है।

अलविदा की नमाज किला स्थित शाही जामा मस्जिद में दोपहर 1:30 बजे अदा की जाएगी। आला हजरत दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिरी में साढ़े तीन बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी।

दोपहर 12:45 बजे खानकाह वामिकिया, जसौली की पीराशाह मस्जिद, बालजती की गुरुड़ वाली मस्जिद, पशुपति बिहार मस्जिद, कैंट की मस्जिद हाथी खाना, लीची बाग की फैजाने मदीना मस्जिद में नमाज होगी।

दोपहर एक बजे दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां बाजार संदल खान, आजमनगर की हरी मस्जिद, चौकी चौराहा वाली मस्जिद, कोतवाली की मोती मस्जिद, सिविल लाइंस की आवास विकास मस्जिद, सैलानी रजा चौक की बारादरी मस्जिद, कुतुबखाना की जहानी मस्जिद, बड़ा बाजार की हरी मस्जिद, मलूकपुर की लाल मस्जिद और शिया जामा मस्जिद में नमाज होगी।

इसी तरह दोपहर 1:15 बजे इज्जतनगर रोड नंबर एक की मुमताज मस्जिद, सुभाषनगर की साबरी मस्जिद, दोपहर 1:30 बजे दरगाह बशीर मियां, कचहरी वाली मस्जिद, कांकरटोला की छः मीनारा मस्जिद, मलूकपुर की मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद, स्वाले नगर की एक मीनार मस्जिद, स्टेडियम रोड शाहदाना मुस्तफाई मस्जिद, शाहबाद की मुन्ना तारकश मस्जिद, सिटी सब्जी मंडी रोड की मस्जिद मंसूरियान, बांस मंडी की अरबिया काशीफुल उलूम मस्जिद में नमाज होगी।

दोपहर 1:45 बजे घेर जाफर खान की मिजाई मस्जिद, रेलवे जंक्शन की नूरी मस्जिद, दोपहर दो बजे दरगाह ताजुश्शरिया, दरगाह शाहदाना वली मस्जिद, बिहारीपुर की बीबी जी मस्जिद, सैलानी की हबीबिया रजविया मस्जिद, करोलान की आला हजरत मस्जिद, रेती की नक्शबंदियान मस्जिद, गली नवाबान की जन्नत मस्जिद, जखीरा की इमली वाली मस्जिद, चक महमूद की नूर-ए-नबी मस्जिद, श्यामगंज की कलंदर शाह मस्जिद, दोपहर 2:30 बजे सिविल लाइंस की नौमहला मस्जिद, तीन बजे खन्नू मोहल्ला की दादा मियां मस्जिद, दोपहर 3:15 बजे कटरा मानराय की यतीमखाना मस्जिद, में नमाज होगी।

19 को चांद नहीं दिखा तो 20 को फिर होगी अलविदा की नमाज

दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि 13 मार्च को देशभर में जुमा-तुल-विदा की नमाज अदा की जाएगी। 19 मार्च को ईद का चांद नजर आता है तो ईद 20 मार्च को मनाई जाएगी। यदि इस दिन चांद नजर नहीं आया तो 20 मार्च को रमजान का आखिरी जुमा मानकर फिर जुमा तुल विदा की नमाज अदा की जाएगी और ईद 21 मार्च को होगी।

खरीदारों की भीड़ ने ईद से पहले बढ़ाई बाजार की रौनक

इफ्तारी के बाद सैलानी बाजार में चूड़ियां खरीदतीं महिलाएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। रमजान का मुबारक महीना इन दिनों अपने शबाब पर है। एक तरफ जहां लोग इबादत में मशगूल हैं वहीं, बाजारों में भी खूब रौनक है। ईद की तारीख नजदीक आने के साथ ही दिन के साथ ही देररात तक हर ओर चहल-पहल दिख रही है।

पुराना शहर के सैलानी बाजार में इफ्तार के बाद से काफी रौनक छा जाती है। तरावीह का वक्त छोड़ दें तो रात साढ़े नौ-दस बजे से आधी रात के बाद तक खाने के होटल गुलजार रहते हैं। यहां लोग अपनी पसंद का खाना खाते नजर आते हैं।

कपड़े व फुटवियर की दुकान पर सबसे ज्यादा भीड़

खास तौर से हलीम, कबाब-पराठा, शीरमाली रोटी, नहारी, बिरयानी के साथ ही फीरनी, लस्सी और रबड़ी, आईस्क्रीम आदि की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ दिखती है। यही स्थिति किला जामा मस्जिद और कोहाड़ापीर की है।

ईद के मद्देनजर कपड़ों और फुटवियर की खरीदारी और दर्जियों की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। कई दर्जियों ने सिलाई के लिए नए आर्डर लेने ही बंद कर दिए हैं।

मनोरंजन, विलेगाजगत की हर खबर amarujala.com

असजद मियां रिहा होकर मदीना पहुंचे

बरेली। इस्लामी धर्मगुरु काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खां को रिहाई मिल गई है। अब वह मदीना शरीफ पहुंचकर उमरा के अरकान पूरे कर रहे हैं। 15 मार्च को वह बरेली आएंगे। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में एक कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को वहां की पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया था। दरगाह आला हजरत से मिली जानकारी के अनुसार वह जिस होटल में ठहरे थे, उसी में उनको नजरबंद कर दिया गया था। जरूरी पूछताछ के बाद बुधवार को उनको रिहा कर दिया गया। दरगाह से जुड़े संगठन जमात रजा मुस्तफा के अध्यक्ष सलमान हसन खान ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है। कहा कि हिरासत व रिहाई की बात पर ध्यान दें। संवाद

फज़ीलत-ए-रमजान

एक गुलाम को आजाद कराने के बराबर है इफ्तार कराने का फल

हदीस शरीफ मे माह-ए-रमजान के कई फायदे बयां किए गए हैं। यह भाईचारे, हमदर्दी और सब्र का महीना है और सब्र का बदला जन्नत है। रसूल-ए-पाक फरमाते हैं कि जब रमजान की पहली रात आती है तो जहन्नुम के दरवाजे बंद कर जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। पूरे रमजान जन्नत के दरवाजे खुले रहते हैं।

पैगंबर-ए-इस्लाम ने शाबान महीने के आखिरी दिन खुतबा दिया था। फरमाया था कि तुम पर एक अजीम महीना साय के रूप में दिया गया है जो हजार महीनों से बेहतर है। खुदा ने इसमें रोजे फर्ज किए हैं और इसकी रातों में इबादत को सुन्नत करार दिया है। इस महीने में जो शख्स नेकी करता है उसे अन्य महीनों के मुकाबले ज्यादा सवाब मिलता है। रमजान में रिज्क को बढ़ा दिया जाता है। कोई शख्स किसी को रोजा इफ्तार कराता है तो उसको गुलाम को आजाद कराने का फल मिलता है। उसके गुनाह बख्श दिए जाते हैं। माह-ए-रमजान के आखिरी अशुरे में जहन्नुम से आजादी की दुआ करनी चाहिए। इस अमूरे की बहुत फजीलत है। इसमें लैलतुल कदर (शब-ए-कदर) भी होती है। - **हाफिज जुबेर रजा खालिदी**, प्रवक्ता, दारूल उलूम मजहर-ए-इस्लाम, मस्जिद बीबी जी, बिहारीपुर।

मौला अली की शहादत को किया याद

दरगाहों व खानकाहों में सजे दस्तरख्वान, महफिल-ए-समां का भी हुआ आयोजन

बरेली। माह-ए-रमजान की 21 तारीख मजहब-ए-इस्लाम के चौथे खलीफा व पैगंबर-ए-इस्लाम के दामाद हजरत मौला अली की शहादत के लिए याद की जाती है। इसी सिलसिले में बुधवार को शहर की दरगाहों, खानकाहों पर दस्तरख्वान सजे। महफिल-ए-समां का भी आयोजन किया गया।

दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी के आवास पर मौलाना सुब्हान रजा खान की सरपरस्ती में दस्तरख्वान सजाया गया। इसमें तिलावत-ए-कुरआन पाक के बाद नात-ओ-मनकबत का नजराना पेश किया। सज्जादानशीन ने मौला अली को खिराज पेश की। फातेहा और दुआ हुई। इसके बाद सभी ने इफ्तार किया।

खानकाह नियाजिया में नियाज के बाद रोजेदारों को इफ्तार कराया गया। मौला की नियाज सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने पेश की। इससे पहले जुनैदी मियां नियाजी ने मौला की फजीलत बयां की। मुशायरे की महफिल भी सजाई गई। इसमें कासिम मियां नियाजी, जाहिद मियां नियाजी, फहमी बरेलवी ने कलाम पेश किए।

शहबाद स्थित दरगाह शाह शराफत मियां पर असर की नमाज के बाद शाम 5:30 बजे हजरत मौला अली की बारगाह में फातिहा ख्वानी की गई। सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां ने फातिहा पढ़ी और मुल्क में अमन-ओ-अमान की दुआ की। इसके बाद सामूहिक इफ्तार का कराया गया।

दरगाह नासिर मियां पर सज्जादानशीन ख्वाजा सुल्तान अहमद नासरी की सरपरस्ती में महफिल-ए-समां का आयोजन किया गया। इसमें फनकारों ने हजरत अली की शान में मनकबत, नात व सूफियाना कलाम पेश किए। कुल शरीफ की नजर पेश कर अमन की दुआ की गई। कुल शरीफ के बाद रोजेदारों ने इफ्तार किया। यहां महिलाओं ने भी शिरकत की।

नन्हे रोजेदार

बरेली। मलूकपुर के रहने वाले जावेद खान की पुत्री इकरा ने इस वर्ष पहला रोजा रखा है। 14 वर्षीय इकरा कक्षा नौ की छात्रा है। उनका कहना है कि पहली बार रोजा रखा मगर भूख प्यास का ज्यादा एहसास नहीं हुआ। बहुत अच्छे में दिन गुजर गया। दोपहर के बाद वालिदा के साथ इफ्तारी बनवाने में हाथ बंटाया फिर तो वक्त का पता ही नहीं चला। रोजा खोलने के बाद बहुत सुकून मिला। संवाद

ठेकेदार ने खोद डाली सड़क, नमाजी परेशान

बरेली। नगर निगम के वार्ड 74 घेर शेख मिट्टू व 76 इंग्लिशगंज को जोड़ने वाली सड़क टूटी पड़ी हैं। रमजान का महीना होने के बाद नमाज पढ़ने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोनों वार्ड के बीच रेती चौराहे से रशीद बिल्डिंग तक जखीरा को जाने वाली सड़क 10 महीने से उखड़ी पड़ी है।

कई बार मोहल्ले के लोगों ने नगर निगम से मामले की शिकायत की है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। मोहल्ले के रहने वाले दानिश जमाल ने बताया कि इन्हीं रोड से लोग रमजान के दिनों में नमाज पढ़ने जाते है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

शिकायत के बाद भी नहीं हो पा रहा समाधान

नगर निगम के एक्सईएन राजीव राठी ने बताया कि मामले को दिखवाकर उसका समाधान कराया जाएगा। संवाद

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई)
CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION (CDOE)
(Entitled by UGC-Distance Education Bureau 'DEB' to offer Online Learning 'OL' Programmes)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, जिला काँगड़ा (हि.प्र.) - 176215
CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH, DHARAMSHALA, (H.P.) - 176215
(NAAC Accredited A+ Grade and 8th IIRF Rank University among Central Universities)

स्नातकोत्तर (पीजी) ऑनलाइन शिक्षा (OL) कार्यक्रमों हेतु प्रवेश सूचना
ADMISSION NOTICE FOR ONLINE LEARNING (OL) PG PROGRAMMES

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई), हिप्रकेवि में निम्नलिखित स्नातकोत्तर (पीजी) अध्ययन कार्यक्रमों हेतु ऑनलाइन लर्निंग (ओएल) माध्यम से जनवरी-फरवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश हेतु निम्नोक्त विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं / Applications are invited for Admission in Centre for Distance and Online Education (CDOE), CUHP in following Post-Graduate (PG) Programmes of Study through Online Learning (OL) Mode for Jan-Feb 2026 session as per following schedule:

ऑनलाइन शिक्षा अध्ययन कार्यक्रम (पीजी) Online Learning Programme of Studies (PG)	अवधि / Duration	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि Last Date to Apply Online
एमबीए, एमसीए, स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र/इतिहास/राजनीति विज्ञान)	2 वर्ष (4 सत्र) प्रत्येक	25 मार्च, 2026
MBA, MCA, MA (Economics/History/Political Science)	2 Years (4 Sem.) Each	25th March 2026

इच्छुक अभ्यर्थी सीडीओई, हि.प्र.के.वि. के समर्थ पोर्टल (https://cuhimachalcdoeadm.samarth.edu.in) के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इन ऑनलाइन लर्निंग कार्यक्रमों हेतु आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट (www.cdoe.cuhimachal.ac.in) पर उपलब्ध शैक्षणिक सत्र 2026-27 (जनवरी-फरवरी 2026 सत्र) के प्रवेश संबंधी प्रोस्पेक्टस देख सकते हैं / The interested applicants can apply for Admission through Samarth Portal (https://cuhimachalcdoeadm.samarth.edu.in) of CDOE, CUHP. For detailed information for applying to these OL programmes, the eligible and desirous applicants may refer to the Admission Prospectus for Jan-Feb 2026 Session available on CDOE website.

कृपया पात्रता शर्तों एवं प्रवेश मानदंडों से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु शिक्षार्थी समर्थन सेवा प्रकोष्ठ-सह-हेल्पडेस्क से संपर्क करें / For any kind of support related to Eligibility Conditions and Admission Criteria, Please Contact Learner Support Services Cell-cum-Helpdesk: 01892-229330, 96581-53440, 70188-12941, helpdeskcdoe.cuhp@hpcu.ac.in cdoe.office@hpcu.ac.in

समर्थ पोर्टल पर आवेदन करने हेतु अंतिम तिथि : 25 मार्च, 2026
Last Date for applying on Samarth Portal - 25th March, 2026

प्रो. विशाल सूद (Prof. Vishal Sood)
निदेशक, सीडीओई (Director, CDOE)

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Government Of India Undertaking)
Where service is a way of life

ई-नीलामी बिक्री सूचना

आंचलिक कार्यालय, बरेली
97/2, तुलाशेरपुर पीलीभीत बाईपास रोड बरेली, उ.प्र. पिन-243122
दूरभाष : 0581-2510513 ई-मेल : zo.bareilly@psb.co.in

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी गई। ["परिशिष्ट IV-A"]

ई-नीलामी तिथि व समय : 30.03.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक | ईएमडी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय : 27.03.2026 शाम 05 बजे तक | संपत्ति निरीक्षण तिथि व समय : 27.03.2026 प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और जमानती (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा पंजाब एंड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता द्वारा लिया गया है, उक्त संपत्ति की बिक्री से बैंक के बकाया की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट ""https://baanknet.com/" पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

लॉट सं.	शाखा/ऋणी/गारंटर का नाम	सम्पत्ति एवं स्वामी का विवरण	डिमांड सूचना तिथि / मांग पत्र 13(2) में अंकित राशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / बृद्धि राशि	संपत्ति फोटो/वीडियो के लिए क्यूआर कोड	संपत्ति के स्थान के लिए कोड	सेवा प्रदाता के लिए क्यूआर कोड
1.	शाखाः लखीमपुर खीरी। उधारकर्ताः मेसर्स वर्मा ट्रेडर्स, प्रोपराईटर दाता राम वर्मा, बेहजम रोड, सरवती कॉलोनी, लखीमपुर खीरी। श्री दाता राम पुत्र शिव सागर लाल वर्मा, निवासी मोहल्ला शरबती देवी कॉलोनी, लखीमपुर खीरी, यूपी 262701. गारंटरः श्री श्याम किशोर पुत्र शिव सागर, निवासी ग्राम उमरापुर पोस्ट अबगवां मितौली, लखीमपुर खीरी। श्री पवन वर्मा पुत्र रवीन्द्र वर्मा, निवासी मो. शरवती देवी कॉलोनी, लखीमपुर खीरी, यूपी 262701. रॉकी वर्मा पुत्र दाता राम वर्मा, निवासी मोहम्दाबाद, शरवती देवी कॉलोनी, लखीमपुर खीरी यूपी 262701.	142.657 वर्ग मीटर की अचल संपत्ति श्री दाता राम वर्मा पुत्र शिव सागर लाल वर्मा के नाम पर मोहल्ला शिव कॉलोनी, परगना खीरी, सिटी / तहसील लखीमपुर खीरी जिला लखीमपुर में स्थित है, जो 25.07.2005 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3552, पेज 107 से 124 तक दस्तावेज संख्या 9746 के तहत उप पंजीयक लखीमपुर के कार्यालय में पंजीकृत है। संपत्ति की चौहद्दी: उत्तरः 16 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः रघुबर का प्लॉट, पूर्वः राजेश वर्मा का प्लॉट, दक्षिणः राम लखन वर्मा की जमीन।	11.03.2025	रू. 85,00,000/- / रू. 29,53,347.23/- + दिनांक 01.03.2025 से प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे	रू. 8,50,000/- / रू. 20,000/-			

प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबरः लखीमपुर खीरी- श्री मानस श्री वास्तव (9795192899)

ईएमडी को बोलीदाता द्वारा ई-नीलामी पोर्टल https://ebkray.in/BYNEFT/RTGS/CHALLAN पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में स्थानांतरित किया जाना है।

उस खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है: खाते का नाम – एनईएफटी पार्किंग खाता, खाता नंबर– 80175040070003, आईएफएससी कोड– PSIB0008017, बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/sarfaesi-list और https://baanknet.com/ देखें।

यह नोटिस नियम 8(6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के अंतर्गत उधारकर्ताओं और गारंटरों (एल/आरएस) को 15 दिनों का वैधानिक बिक्री नोटिस माना जाएगा।

स्थानः लखीमपुर खीरी | दिनांकः 13.03.2026 | प्राधिकृत अधिकारी पंजाब एण्ड सिंध बैंक